दिन– सोमवार दिनांक– 24 / 02 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज भागलपुर से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की उन्नीसवीं किस्त की राशि जारी करेंगे। सात सौ बीस करोड़ रुपए की लागत वाली विभिन्न योजनाओं का करेंगे उद्घाटन।

02. पीएमसीएच का तीन दिवसीय शताब्दी समारोह शुरू। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में होंगी शामिल।

03. राज्य के तेरह जिलों के छह सौ इकसठ गांवों में भूमि सर्वे हुआ पूरा। तीन सौ राजस्व गांवों में सर्वे का काम अंतिम चरण में।

04. और, चैंपियंस ट्रॉफी एकदिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से पराजित किया।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज भागलपुर से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की उन्नीसवीं किस्त की राशि जारी करेंगे। केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि इसके तहत नौ करोड़ अस्सी लाख से अधिक किसानों के बैंक खाते में बाईस हजार सात सौ करोड़ रूपये से अधिक की राशि अंतरित की जाएगी। बिहार के छिहत्तर लाख से अधिक किसानों के बैंक खाते में उन्नीसवीं किस्त की राशि के रूप में एक हजार छह सौ करोड़ रूपये हस्तांतरित किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए इस दिन को किसान सम्मान समारोह के रूप में मनाया जाएगा।

–––बाइट–––

पीएम किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से भूमिधारक किसानों को तीन समान किस्तों में सालाना छह हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। योजना के तहत देश के ग्यारह करोड़ से अधिक किसान परिवारों को अब तक तीन दशमलव चार–छह लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि वितरित की जा चुकी है। देश भर के सात सौ इकतीस कृषि विज्ञान केंद्रों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें लगभग ढाई करोड़ किसान कार्यक्रम से जुड़ेंगे। इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि प्रधानमंत्री भागलपुर हवाईअड्डा मैदान में एक जनसभा को संबोधित करेंगे। वे

बिहार में विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण भी करेंगे। एक रिपोर्ट––

–––रिपोर्ट–––

प्रधानमंत्री भागलपुर में अपने संबोधन के दौरान किसानों के साथ संवाद भी करेंगे। किसान सम्मान निधि की सहायता राशि जारी करने के अलावा वे 720 करोड रुपए की लागत से विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री बरौनी में लगभग 113 करोड़ की लागत से बने दूध प्रोसेसिंग यूनिट का शुभारंभ करेंगे। इसके अलावा श्री मोदी पूर्वी चंपारण जिले के मोतिहारी में राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत नव निर्मित स्वदेशी नस्ल के पशुओं के किस्म को विकसित करने के लिए एक सेंटर फॉर एक्सीलेंस का उद्घाटन करेंगे । प्रधानमंत्री नव दोहरीकृत नवादा वारिसलीगंज तिलैया रेलखंड को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। विनोद कुमार के साथ धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार भागलपुर।

कार्यक्रम में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी, गिरिराज सिंह, राजीव रंजन सिंह, चिराग पासवान, रामनाथ ठाकुर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य और जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल का तीन दिवसीय शताब्दी समारोह कल शताब्दी दौड़ के साथ शुरू हुआ। कल होने वाले मुख्य समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से.....

–––रिपोर्ट–––

आज समारोह के दूसरे दिन वैज्ञानिक सत्र का आयोजन किया जाएगा। इसका शुभारंभ जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी करेंगे। सत्र के दूसरे चरण में शिक्षा मंत्री सुनील कुमार शामिल होंगे। शाम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। पटना के बापू सभागार में कल होने वाले मुख्य समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शामिल होंगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय समेत देश और विदेश के कई जाने–माने चिकित्सक और पीएमसीएच के पूर्ववर्ती विद्यार्थी भी मुख्य समारोह में मौजूद रहेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से मैं आशीष रंजन।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––

राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने शेखपुरा, बेगूसराय, बांका, जहानाबाद और लखीसराय समेत तेरह जिलों के चौवालीस अंचलों के छह सौ इकसठ गांवों में भूमि सर्वेक्षण और बंदोबस्त की अंतिम रिपोर्ट प्रकाशित कर दी है। इसकी अधिसूचना जारी कर इसे विभागीय वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। अंतिम रूप से प्रकाशित इन मौजों में नए नक्शे के अनुसार भूमि की मापी और नये खतियान के अनुसार दाखिल–खारिज का काम भी शीघ्र शुरू हो जाएगा। विभागीय मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने इसे एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। उन्होंने कहा कि विभाग का यह काम राज्य में भूमि प्रबंधन के साथ सामाजिक सद्भाव को बढ़ाने की दिशा में मील का

पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि तीन सौ राजस्व गांवों की सर्वे रिपोर्ट के प्रकाशन का काम अंतिम चरण में है। जल्द ही इन्हें भी अधिसूचित कर दिया जाएगा।

———————————————————————

पंद्रहवें वित्त आयोग की अनुशंसा पर राज्य के अठारह नगर निगमों को अनुदान के रूप में दो सौ तिरानवे करोड़ रूपये दिए गए हैं। यह राशि ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, पेयजल और वर्षा जल संचयन पर खर्च की जाएगी। नगर विकास विभाग के अनुसार पटना नगर निगम को छोड़कर राज्य के सभी नगर निगमों को राशि का आवंटन किया गया है। सबसे अधिक सत्ताईस करोड़ सत्ताईस लाख रूपये गया नगर निगम को आवंटित किये गये हैं।

———————————————————————

राज्य के प्रारंभिक विद्यालयों में नियोजित तीन हजार से अधिक शारीरिक शिक्षकों को अब सरकारी शिक्षक का दर्जा मिलेगा। इन्हें विशिष्ट शिक्षक के रूप में योगदान देने पर लगी रोक को शिक्षा विभाग ने हटा लिया है। विभाग ने इस संबंध में सभी जिले को पत्र भेजा है।

———————————————————————

दुबई में चैंपियंस ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता में ग्रुप– ए के एक महत्वपूर्ण मुकाबले में भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से पराजित कर दिया। एक रिपोर्ट....

———रिपोर्ट———

———————————————————————

बिहार और झारखंड के अलग–अलग स्टेशनों से खुलने वाली सत्तर ट्रेनों का परिचालन चौबीस से अट्ठाईस फरवरी के बीच अपरिहार्य कारणों से अलग–अलग तिथियों में रद्द किया गया है। ये ट्रेनें प्रयागराज के निकट के स्टेशनों से होकर गुजरती हैं। जिन रेलगाड़ियों को रद्द किया गया है, उनमें पाटलिपुत्र– लोकमान्य तिलक टर्मिनल, नई दिल्ली इस्लामपुर–मगध एक्सप्रेस, बरौनी–अहमदबाद एक्सप्रेस, गया–नई दिल्ली महोबोधि एक्सप्रेस और दानापुर–सहरसा स्पेशल ट्रेन शामिल हैं।

———————————————————————

पटना जिले के मसौढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत नूराकावर के पास देर रात सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से आ रहे ऑटो रिक्शा में टक्कर मार दी, जिससे दोनों वाहन दस फीट नीचे पानी भरे गड्ढे में पलट गए। इस घटना में ऑटो रिक्शा चालक समेत ऑटो सवार सभी सात लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। सभी मृतक डोरीपर गांव के रहने वाले थे। ऑटो सवार दो अन्य लोगों की तलाश जारी है। इधर, प्रयागराज महाकुंभ से बिहार लौट रहे छह लोगों की अलग—अलग सड़क हादसों में मौत हो गयी, जबकि बयालीस अन्य घायल हो गए। मृतकों में जमुई के तीन, पटना, सिवान और पूर्वी चंपारण के एक—एक व्यक्ति शामिल हैं।

———————————————————————

रोहतास जिले के दरिहट थाना क्षेत्र में बालू लदे ट्रकों के निकलने के दौरान लगी जाम को हटवाने पहुंची पुलिस के साथ बालू कारोबारियों ने मारपीट की। घटना में दो पुलिस अधिकारी घायल हो गए। पुलिस ने एक ट्रक और एक चार पहिया वाहन को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

———————————————————————

समस्तीपुर जिले के चकमेहसी थाना क्षेत्र के मालीनगर गांव स्थित एक कुएं से तीन सगे भाई—बहनों के शव मिले हैं। पुलिस ने हत्या के शक में बच्चों की मां को हिरासत में लिया है। घटना के पीछे पति—पत्नी का विवाद बताया जा रहा है।

———————————————————————

वैशाली जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र के शेरपुर प्रतापटांड गांव स्थित पोखर में नाव पर सेल्फी लेने के दौरान दो चचेरे भाइयों की डूबने से मौत हो गई।

———————————————————————

पटना के कदमकुंआ थाना क्षेत्र स्थित एक व्यावसायिक परिसर में आग लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जबकि छह से अधिक दुकान जलकर नष्ट हो गई।

———————————————————————

पटना के कुख्यात अपराधी अनिल राय को एसटीएफ और पटना पुलिस की टीम ने पटना जंक्शन के पास से गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, बेगूसराय जिले के पचास हजार रूपये के ईनामी अपराधी गोलू कुमार को शेखपुरा जिले के चेवाड़ा थाना क्षेत्र के एकहारा बहियार से हथियारों के साथ गिरफ्तार किया गया। दूसरी तरफ, कटिहार

पुलिस ने कुर्सेला के दियारा इलाके से तीन कुख्यात अपराधियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

भागलपुर के टीएनबी कॉलेज के एक कर्मी की देर रात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

———————————————————————

अरवल में शराब माफिया के खिलाफ चलाए गये अभियान के तहत एनएच–एक सौ उनतालीस पर पुलिस और उत्पाद विभाग की टीम ने एक व्यक्ति को दो सौ पचासी लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

अखबारों की सुर्खियां...

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** की सुर्खी है –पीएम आज भागलपुर से किसानों को देंगे सौगात।

प्रभात खबर ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के हवाले से लिखा है– विकसित होगा कांटारहित मखाना का पौधा।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है– माई भारत पोर्टल से जुड़ेंगे साइबर थाने।

**दैनिक भास्कर** अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखता है – मुंगेर की महिलाएं बकरी के दूध से साबुन और ब्यूटी प्रोडक्ट बना रहीं, विदेशों तक मार्केटिंग, हर महीने बीस से पच्चीस हजार तक हो रही कमाई।

**राष्ट्रीय सहारा** के शब्द हैं – महाकुंभ में श्रद्धालुओं की संख्या बासठ करोड़ हुयी।

**आज** समेत सभी समाचार पत्रों ने चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की पाकिस्तान पर जीत की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज भागलपुर से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की उन्नीसवीं किस्त की राशि जारी करेंगे। सात सौ बीस करोड़ रुपए की लागत वाली विभिन्न योजनाओं का करेंगे उद्घाटन।

02. पीएमसीएच का तीन दिवसीय शताब्दी समारोह शुरू। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल आयोजित होने वाले मुख्य समारोह में होंगी शामिल।

03. राज्य के तेरह जिलों के छह सौ इकसठ गांवों में भूमि सर्वे हुआ पूरा। तीन सौ राजस्व गांवों में सर्वे का काम अंतिम चरण में।

04. और, चैंपियंस ट्रॉफी एकदिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में भारत ने पाकिस्तान को छह विकेट से पराजित किया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।